आवश्यकता
पंजाब के हर शहर व कस्बे से
वंदे भारत 24
भारत के मन की बात
के लिए पत्रकारों की जरूरत है।
चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मोब. 97814-00247
97804-00247
E-mail : info@vandebharat24.com

जालंधर, बुधवार 08 जनवरी 2025
वंदे भारत 24
भारत के मन की बात



@vandebharat24 | vandebharat24 | @vandebharat24news | www.vandebharat24.com

# बिना DJ-शराब के शादी करने पर मिलेंगे 21,000

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** पंजाब के बठिंडा जिले की एक ग्राम पंचायत ने उन परिवारों को 21,000 रुपये की नकद प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की है जो शादी समारोहों में शराब नहीं परोसेंगे और डीजे नहीं बजाएंगे. बल्लो गांव की सरपंच अमरजीत कौर ने मंगलवार को बताया कि यह फैसला ग्रामीणों को शादी समारोहों में फिजूलखर्ची न करने और शराब के दुरुपयोग पर अंकुश लगाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए लिया गया है.



उन्होंने कहा कि आमतौर पर देखा जाता है कि गांवों में शराब परोसी जाने वाली और डिस्क जॉकी (डीजे) द्वारा तेज आवाज में संगीत बजाए जाने वाले समारोहों में झगड़े होते हैं. इसके अलावा तेज आवाज में संगीत बजने से छात्रों की पढ़ाई भी बाधित होती है.

### पंचायत ने पारित किया प्रस्ताव

अमरजीत कौर ने कहा, 'हम लोगों को शादी समारोहों में फिजूलखर्ची न करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहते हैं.' गांव की सरपंच ने कहा कि पंचायत ने एक प्रस्ताव पारित किया है जिसके तहत अगर कोई परिवार शादी समारोहों में शराब नहीं परोसता और डीजे नहीं बजाता तो उसे 21,000 रुपये दिए जाएंगे. बल्लो गांव की आबादी करीब 5,000 है.

### गांव में स्टेडियम बनाने की मांग

कौर ने आगे कहा कि पंचायत ने सरकार से गांव में एक स्टेडियम बनाने की मांग की है ताकि युवाओं को खेल गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके. सरपंच ने कहा, गांव में एक स्टेडियम होना चाहिए ताकि विभिन्न खेलों का आयोजन किया जा सके. पंचायत ने गांव में बायोगैस प्लांट लगाने का भी प्रस्ताव रखा है. उन्होंने कहा कि जैविक खेती करने वाले किसानों को मुफ्त बीज दिए जाएंगे.

# पंजाब में सरकारी बसों की हड़ताल हुई खत्म, कल से बसें सामान्य रूप से चलेंगी




**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** पंजाब में सरकारी बसों की हड़ताल खत्म हो गई है। बस हड़ताल से आम लोगों को काफी परेशानी हो रही है। जानकारी के अनुसार पीआरटीसी और पनबस ठेका कर्मचारी यूनियन की प्रशासन के साथ बैठक हुई, जिसके बाद हड़ताल खत्म करने की घोषणा कर दी गई।

इतना ही नहीं, बैठक में सीएम भगवंत मान के साथ कर्मचारी की बैठक भी तय की गई है। जो 15 जनवरी को होगा।

### एक दिन में साढ़े 3 करोड़ से ज्यादा नुकसान

मिली जानकारी के अनुसार इस हड़ताल से सरकार को करीब साढ़े तीन करोड़ रुपए से ज्यादा का नुकसान हुआ है।

सोमवार से करीब 3 हजार से ज्यादा सरकारी पंजाब रोडवेज, PRTC और पनबस की बसें बंद थीं। जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा था।

# जालंधर में मिला गाय का कटा हुआ सिर, हिन्दू संगठनों में आक्रोश

**जालंधर ( अंशु कपूर ) :** महानगर में गौ हत्याओं एवं गौ मांस की तस्करी के मामले बढ़ते जा रहे हैं। ताजा घटनाक्रम में बस्ती पीरदाद रोड पर गंदे नाले के पास स्थित मशहूर फैक्ट्री के पास एक गऊ का कटा हुआ सिर मिला है।



जानकारी पाकर बजरंग दल के जिला सुरक्षा प्रमुख गौरव क्वात्रा मौके पर पहुंचे और उन्होंने पुलिस को सूचित किया।

गौरव क्वात्रा ने कहा कि यहां पर कई अज्ञात फैक्ट्रियां चल रही हैं और अब पुलिस को इस तरफ जांच करनी चाहिए। रुद्र सेना संगठन के सह संरक्षक मोहित शर्मा ने कहा कि यह बहुत ही शर्मनाक है कि जालंधर में आए दिन गौ तस्करी एवं गौ हत्याओं के मामले सामने आते हैं।

# जालंधर में पावरकॉम की बड़ी लापरवाही, बिजली की नंगी तारों से करंट लगने युवक की मौत

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** जालंधर में पावरकॉम की बड़ी लापरवाही आई सामने आई है, जहां बिजली की नंगी तारों से करंट लगने से युवक की मौत हो गई है। मृतक की पहचान 21 साल के लक्की के रूप में हुई है, जो संतोखपुरा के हरदयाल नगर का रहने वाला था। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों का पावरकॉम के खिलाफ जमकर गुस्सा फूटा।

### मोबाइल पर बात कर रहा था लक्की

बताया जा रहा है कि लम्मा पिंड चौक के पास लक्की मोबाइल पर बात करते हुए जा रहा था।



तभी अचानक जमीन पर गिरी बिजली की नंगी तार पर उसका पैर पड़ा गया। जिस कारण उसे करंट लग गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मौत के बाद पावरकॉम के खिलाफ लोगों ने अपना गुस्सा निकाला।

### घटना के बाद गुस्साए लोग


घटना के बाद एक व्यक्ति वीडियो बनाकर पावरकॉम की तरफ की गई लापरवाही को दिखा भी रहा है। व्यक्ति ने पारवकॉम के खिलाफ गुस्से में कहा कि इतनी-इतनी ये तनख्वाह लेते हैं और ऐसी लापरवाही करते हैं, यह किसकी जिम्मेवारी है। यह लोगों बड़े-बड़े बिल तो भेजते हैं पर इन्हें यह नहीं पता कि लोगों की सुरक्षा कैसे करनी है।

HAKIM TILAK RAJ KAPOOR HOSPITAL PVT. LTD.

आयुर्वेदिक एवं यूनानी दवाइयों तथा पंचकर्मा द्वारा हर बीमारी के सफल इलाज के लिए मिलें।
Dr. Nuvneet Kapoor
B.A.M.S., M.D (H.T.R.K.)
NEAR FOOTBALL CHOWK, JALANDHAR | Call/Whatsapp No. +91-95015-02525
Ph.: 0181-5092525
Website : www.hakimtilakraj.in

आवश्यकता
पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मोब. 97814-00247
97804-00247









# हकीम तिलक राज अस्पताल में भाजपा नेता नरेंद्र पाल सिंह ढिल्लों का जन्मदिन धूमधाम से मनाया

**जालंधर( हर्ष शर्मा ):** भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के वरिष्ठ नेता नरेंद्र पाल सिंह ढिल्लों का जन्मदिन उत्साहपूर्वक मनाया गया। समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पित ढिल्लों जी ने अपने राजनीतिक जीवन में कई महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाई हैं।

इस विशेष अवसर पर हकीम तिलक राज कपूर अस्पताल के एमडी डॉ. नवदीप कपूर ने उन्हें जन्मदिन की बधाई दी और केक काटा। कार्यक्रम में वंदे भारत 24 की टीम सहित पूरा स्टाफ भी मौजूद रहा।







# मोदी सरकार का बड़ा फैसला, राजघाट में बनेगी प्रणब मुखर्जी की समाधि

**जालंधर( अंशु कपूर ):** केंद्र सरकार ने एक बड़ा फैसला लेते हुए दिवंगत पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की समाधि बनाने के लिए राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 'राष्ट्रीय स्मृति' परिसर यानी राजघाट परिसर के अंदर एक विशेष स्थल को चिन्हित करने को मंजूरी दी है। लेखिका और प्रणब मुखर्जी की बेटी शर्मिष्ठा मुखर्जी ने ट्वीट कर यह जानकारी दी है।

उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी से मुलाकात की और बाबा के लिए एक स्मारक बनाने के उनके सरकार के फैसले के लिए दिल से आभार और कृतज्ञता व्यक्त की। यह और भी अधिक सराहनीय है, क्योंकि हमने इसके लिए नहीं कहा था। प्रधानमंत्री के इस अप्रत्याशित दयाभाव और कृतज्ञता से मैं बहुत प्रभावित हूं। शर्मिष्ठा ने इसके साथ ही पीएम मोदी से अपनी मुलाकात और केंद्रीय शहरी एवं आवास मंत्रालय की चिट्ठी भी सोशल मीडिया पर साझा किया है। उन्होंने लिखा है, बाबा (प्रणब मुखर्जी) कहते थे कि राजकीय सम्मान के लिए कहा नहीं जाना चाहिए, बल्कि वह खुद ऑफर किया जाता है। मैं बहुत आभारी हूँ कि प्रधानमंत्री मोदी ने बाबा की याद और सम्मान में ऐसा किया। हालांकि, इससे बाबा पर कोई फर्क नहीं पड़ता क्योंकि वह अब इस दुनिया में नहीं हैं और वह प्रशंसा या आलोचना से परे रहे हैं लेकिन उनकी बेटी होने के नाते मैं अपनी खुशी को शब्दों में बयां नहीं कर सकती।



प्रणब मुखर्जी जुलाई 2012 से जुलाई 2017 तक देश के राष्ट्रपति रहे थे। उन्हें 2019 में भारत रत्न से सम्मानित किया गया था। कुछ दिनों पहले पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन के बाद जब कांग्रेस कार्यसमिति ने एक बैठक कर उनके निधन पर दुख जताया था और उनका स्मारक बनाने के लिए प्रस्ताव पारित किया था, तब शर्मिष्ठा मुखर्जी ने यह सवाल भी उठाया था कि उनके पिता के निधन के बाद कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की कोई बैठक क्यों नहीं बुलाई गई और कोई प्रस्ताव क्यों नहीं पारित किया गया? शर्मिष्ठा ने कहा था कि उन्हें बुरा लगा था जब उनके पिता के निधन के बाद सीडब्ल्यूसी की कोई बैठक नहीं बुलाई गई। सीडब्ल्यूसी कांग्रेस की निर्णय लेने वाली सर्वोच्च इकाई है।

उन्होंने सवाल किया, ''कांग्रेस को इसके लिए जवाब देना होगा। मैं केवल तथ्य बता सकती हूं।

लेकिन मैं बस इतना जोड़ना चाहती हूं कि मुझे नहीं पता कि यह जानबूझकर किया गया या ये सरासर लापरवाही थी। इतनी पुरानी पार्टी में क्या परंपराएं हैं?'' शर्मिष्ठा ने तब 'पीटीआई वीडियो' से कहा था, ''यदि संस्थागत स्मृति लोप हुआ है, यदि राहुल गांधी और उनके आसपास के लोग यह नहीं जानते कि कांग्रेस ने ऐसी पूर्व स्थितियों में किस प्रकार कार्य किया, तो यह अपने आप में कांग्रेस के भीतर गंभीर और दुखद स्थिति है।''

कांग्रेस में नेहरू-गांधी परिवार के बाहर के नेताओं के योगदान को मान्यता देने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, ''हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि (पूर्व प्रधानमंत्री) पी वी नरसिंह राव के साथ क्या किया गया था।'' उन्होंने कहा, ''कांग्रेस का पूरा तंत्र, यानी उसका सोशल मीडिया, इस मुद्दे पर तथा कुछ अन्य मुद्दों पर मुझे और मेरे पिता को लगातार निशाना बना रहा था। मेरे और सबसे बड़े नेताओं में से एक मेरे पिता के खिलाफ जिस तरह की भाषा का इस्तेमाल किया गया, उससे पता चलता है कि कांग्रेस का वास्तव में पतन हो चुका है।''

# लुधियाना में बनेगी महिला मेयर

## जालंधर, फगवाड़ा, पटियाला, अमृतसर में होंगे जनरल मेयर, सरकार ने किया नोटिफिकेशन जारी




**जालंधर (अंशु कपूर) :** पंजाब सरकार ने प्रदेश के पांचों नगर निगमों में मेयर बनाने के लिए नोटिफिकेशन जारी किया है। फिलहाल, जालंधर में डिवीजनल कमिश्नर का अतिरिक्त कार्यभार एक सीनियर आईएएस अफसर को सौंपा गया है, लेकिन अभी तक इस संबंध में चिट्ठी नहीं भेजी गई है। हालांकि, नगर निगम जालंधर के कमिश्नर को पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह की तैयारी करने के लिए चंडीगढ़ से आदेश दिए गए हैं। सरकार द्वारा जारी नोटिफिकेशन के अनुसार, जालंधर, पटियाला, अमृतसर और फगवाड़ा में मेयर का पद जनरल (ओपन) कैटेगरी के लिए रहेगा, जबकि लुधियाना नगर निगम में महिला मेयर चुनी जाएगी।

इस संबंध में सरकार ने जालंधर और पटियाला डिवीजनल कमिश्नर के साथ-साथ पांचों नगर निगमों के कमिश्नरों को अलग से चिट्ठी भेजी है।

### पढ़ें सरकार द्वारा जारी नोटिफिकेशन

नोटिफिकेशन में यह कहा गया है कि पंजाब सरकार के लोकल बॉडी विभाग ने लुधियाना नगर निगम में मेयर का पद महिला के लिए रिजर्व रखा है। वहीं, बाकी चार नगर निगमों में मेयर का पद जनरल रहेगा। इस संबंध में विभाग ने डिवीजनल कमिश्नरों को भी सूचना भेजी है कि लुधियाना की सीट महिला के लिए आरक्षित हो।

### जालंधर में वनीत धीर समेत चार नामों पर विचार

जालंधर नगर निगम में मेयर पद को लेकर चल रही रस्साकशी अब खत्म हो रही है। वनीत धीर, मुकेश सेठी, अमित ढल्ल और अश्वनी अग्रवाल के नाम मेयर पद के लिए सामने आए हैं। इन्हीं चारों में से किसी एक का नाम फाइनल कर लिया गया है। फिलहाल, आम आदमी पार्टी (AAP) इसे गुप्त रखे हुए है।

### 21 दिसंबर 2024 को हुए थे चुनाव

पंजाब में नगर निगम चुनावों के नतीजों के बाद मेयर के चयन को लेकर यह अहम जानकारी सामने आई है। पंजाब सरकार ने नोटिफिकेशन जारी करते हुए लुधियाना नगर निगम में महिला मेयर बनाने की घोषणा की है। पंजाब की पांच नगर निगमों - अमृतसर, जालंधर, फगवाड़ा, लुधियाना और पटियाला में 21 दिसंबर 2024 को चुनाव हुए थे।

## चीन में फिर बने करोना जैसे हालात, HMPV वायरस से वुहान में स्कूल बंद, WHO ने वायरस पर मांगी रिपोर्ट



**जालंधर (पंकज शर्मा) :** चीन का नया वायरस 'ह्यूमन मेटान्यूमो' से दुनिया सहम गई है। हालात यहां तक पहुंच गए है कि वुहान में स्कूलों को बंद कर दिया गया है। यहां 10 दिन में HMPV के मामले 529त्न बढ़े हैं। बच्चों में बढ़ते मामलों को देखते हुए ही ये फैसला लिया गया है।

चीन में वायरस से हड़कंप मचा हुआ है। एंटीवायरल ड्रग की भारी कमी है। एंटीवायरल ड्रग की ब्लैक मार्केटिंग शुरू हो गई है। हालत ये हो गई है कि एंटीवायरल ड्रग 41 डॉलर में बिक रहे हैं। वायरस के बढ़ते मामलों से WHO भी टेंशन में आ गया है। उसने चीन से HMPV की पूरी जानकारी मांगी है। चीन अभी तक HMPV मामलों पर जानकारी छुपा रहा है। दुनियाभर में एचएमपीवी वायरस तेजी से फैल रहा है। भारत, मलेशिया, जापान, कजाकिस्तान में मामले बढ़ रहे हैं। ब्रिटेन में भी संक्रमण फैल रहा है। चीन के इस नए वायरस से पूरे स्पेन में कोहराम मचा हुआ है। स्पेन में अस्पतालों के बाहर मरीजों की लंबी कतार देखने को मिल रही है। स्पेन के एलिकांटे में 600 से ज्यादा 'इन्फ्लुएंजा' के केस मिले हैं।

वहीं, भारत में अब तक 5 राज्यों में 8 केस मिल चुके हैं। महाराष्ट्र में 2 मामले मिले हैं। यहां 13 साल की लड़की और 7 साल का बच्चा संक्रमित मिला है। दोनों बच्चे बुखार के बाद इस वायरस से संक्रमित पाए गए। कर्नाटक, तमिलनाडु, गुजरात और पश्चिम बंगाल में भी केस मिले हैं। इस वायरस को लेकर केंद्र सरकार अलर्ट है। राज्यों में बैठकों का दौर जारी है।

## फरीदकोट में हत्याः इश्क में आड़े आ रहा था पति, प्रेमी के साथ मिलकर ले ली जान; पुलिस को फोन कर हुए फरार



**जालंधर (अंशु कपूर) :** फरीदकोट के गांव मचाकी कलां में सोमवार रात अवैध संबंधों के चलते तेजधार हथियार से वार करके एक व्यक्ति की हत्या किए जाने की घटना सामने आई है। मृतक की पहचान कुलदीप सिंह(35) के रूप में हुई। इस मामले में पुलिस ने मृतक की पत्नी व उसके प्रेमी समेत तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार गांव मचाकी कलां के रहने वाले कुलदीप सिंह की पत्नी अमनदीप कौर के इसी गांव के ही निवासी कुलवंत सिंह उर्फ मोटा के साथ अवैध संबंध थे। इसके लिए कुलदीप सिंह अपनी पत्नी को रोकता था। ऐसे में कुलवंत सिंह मोटा व अमनदीप कौर ने कुलदीप सिंह को अपने रास्ते से हटाने अपने एक अन्य साथी आकाशदीप सिंह के साथ मिलकर सोमवार रात को तेजधार हथियारों से कुलदीप सिंह की हत्या कर दी। हत्या की घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी कुलवंत सिंह ने पुलिस के कंट्रोल रूम में फोन कर हत्या की जानकारी दी, लेकिन जब पुलिस मौके पर पहुंची तो वह अपना फोन बंद कर मौके से फरार हो चुका था।

# लुधियाना में बेअदबीः मंदिर में घुसे चोरों ने मूर्तियों को किया खंडित, 40 किलो चांदी के जेवर लेकर फरार

**जालंधर (पवन कश्यप) :** लुधियाना के पॉश इलाके भाई रणधीर सिंह नगर में स्थित प्राचीन शीतला माता मंदिर में घुसकर चोरों ने पवित्र शिवलिंग की बेअदबी की। इसके बाद आरोपी वहां से करीब चालीस किलो चांदी के जेवरात चोरी कर फरार हो गए।

चोरी की वारदात का पता उस समय चला जब मंदिर के पुजारी दशरथ लाल मंदिर में पहुंचे। उन्होंने मंदिर जैसे ही खोला तो अंदर बेअदबी और जेवरात गायब देख उनके होश उड़ गए। उन्होंने आसपास के लोगों को जगाया और इसकी जानकारी मंदिर कमेटी के प्रधान और सदस्यों को दी।

इसके बाद सभी वहां पहुंच गए। मंदिर में बेअदबी की खबर मिलते ही पुलिस के आलाधिकारी और थाना सराभा नगर की पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने मंदिर प्रांगण के साथ-साथ आसपास के सीसीटीवी कैमरे की फुटेज



चेक करनी शुरू कर दी है। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष अशोक सच्चर ने बताया कि पवित्र शिवलिंग के साथ अंदर मूर्तियों पर चांदी के जेवरात चढ़ाए हुए हैं। करीब चालीस किलो चांदी के जेवरात से मूर्तियों का श्रृंगार हुआ था। मंदिर के पुजारी दशरथ लाल रोजाना की तरह रविवार की रात को मंदिर को ताला लगाकर चले गए। देर रात को अज्ञात चोर दीवार फांद कर अंदर दाखिल हो गए और उन्होंने सभी जेवरात चोरी कर लिए और पवित्र शिवलिंग की बेअदबी की।

इसके साथ चोरों ने मंदिर में स्थापित मूर्तियों की भी बेअदबी की। कमेटी अध्यक्ष अशोक सच्चर ने कहा कि हालांकि मोहल्ले में चौकीदार का भी पहरा होता है। बावजूद सोमवार रात चोरों ने मंदिर को निशाना बनाया। उन्होंने पुलिस प्रशासन ने घटना की जांच की मांग की। उधर, इस मामले में थाना सराभा नगर के एसएचओ नीरज चौधरी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपियों का पता लगा लिया जाएगा।

# जगजीत डल्लेवाल की हालत नाजुक: किसान मोर्चा ने केंद्र को दी चेतावनी-कुछ हुआ तो स्थिति नहीं संभाल पाएंगे

**जालंधर ( अंशु कपूर ) :** खनौरी बॉर्डर पर 43 दिन से आमरण अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की बिगड़ती स्थिति को लेकर किसान मोर्चा के सब्र का बांध टूटने लगा है।

किसान नेता अभिमन्यु कोहाड़ ने मंगलवार को केंद्र सरकार को चेतावनी दी। कोहाड़ ने कहा कि अगर डल्लेवाल को कुछ हो गया तो केंद्र स्थिति को संभाल नहीं पाएगा। बेहतर है कि समय रहते केंद्र सरकार किसानों की बातों को गंभीरता से सुने और उनकी मांगों को पूरा करे।

### डल्लेवाल की सेहत नाजुक

वहीं डल्लेवाल की हालत नाजुक बनी हुई है। मीडिया बुलेटिन जारी करते हुए डॉ. अवतार सिंह ने बताया कि डल्लेवाल बात तक नहीं कर पा रहे हैं। ब्लड प्रेशर ऊपर-नीचे हो रहा है। मंगलवार को कमजोरी की वजह से वो करीब एक घंटा तक बेहोश रहे। डॉक्टरों ने उन्हें पानी पिलाया, तब जाकर कुछ राहत मिली। बीती रात भी उनका बीपी 77/45 और पल्स रेट 38 से भी नीचे गिर गया था।



रात ढाई बजे जाकर बीपी कुछ स्थिर हुआ। उन्होंने बताया कि अगर यही हालात रहे तो उन्हें कभी भी कुछ भी हो सकता है। मंगलवार को सरकारी राजिंदरा अस्पताल के डाक्टरों की टीम भी डल्लेवाल के चेकअप के लिए बॉर्डर पहुंची।

### 10 को फूंकेंगे मोदी का पुतला, 26 को ट्रेक्टर मार्च

किसान नेताओं ने कहा कि 10 जनवरी को पूरे देश में ग्रामीण स्तर पर मोदी सरकार के पुतले जलाए जाएंगे, ताकि केंद्र सरकार को पता लग जाए कि गांवों के लोग एमएसपी गारंटी कानून के मुद्दे पर डल्लेवाल के संघर्ष के साथ खड़े हैं। 13 जनवरी को नई खेती नीति के ड्राफ्ट की कॉपियां देशभर में जलाई जाएंगी। 26 जनवरी को देशभर में ट्रैक्टर मार्च निकाला जाएगा।

उन्होंने कहा कि संघर्ष की अगली रणनीति की घोषणा दोनों मोर्चों से जल्द ही की जाएगी।

## आतिशी से फिर छिना घर, दिल्ली की सियासत गरमाई

**जालंधर ( पवन कश्यप ) :** दिल्ली विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद आम आदमी पार्टी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्यमंत्री आतिशी ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि बीजेपी की केंद्र सरकार ने उन्हें मुख्यमंत्री आवास से बाहर निकाल दिया है। उन्होंने कहा है कि ऐसा तीन महीने में दूसरी बार हुआ है। उन्होंने कहा, केंद्र सरकार ने लेटर भेजकर उनका अलॉटमेंट कैंसिल कर दिया हा औ और चुनी हुई सरकार की मुख्यमंत्री से मुख्यमंत्री आवास ही छीन लिया है। अगर जरूरत पड़ी तो मैं दिल्ली वालों के घर में जाकर रहूंगी लेकिन दिल्ली वालों के काम नहीं रुकेंगे। हालांकि सूत्रों की मानें तो पीडबल्यूडी ने आतिशी के इस दावे को खारिज कर दिया है। पीडबल्यूडी का कहना है कि आतिशी कभी सीएम आवास में शिफ्ट हीं नहीं हुईं। दरअसल पीडब्ल्यूडी ने दिल्ली सरकार से 6 फ्लैग स्टाफ रोड वाला बंगला वापस ले लिया है। ये वो बंगला है जिसमें मुख्यमंत्री आतिशी रहती हैं। उनसे पहले तत्कालीन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल रहते थे। केजरीवाल जब मुख्यमंत्री थे तो उन्होंने इस बंगले का रिनोवेशन करवाया था, जिसे बीजेपी समेत विपक्षी दलों ने 'शीश महल' नाम दिया है।



## दिल्ली में 5 फरवरी को होंगे विधानसभा चुनाव

**जालंधर ( जसप्रीत सिंह ) :** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 70 विधानसभा सीटों के लिए चुनाव आयोग ने मंगलवार को चुनाव की तारीख का ऐलान कर दिया। दिल्ली में पांच फरवरी को एक चरण में चुनाव होगा और नतीजे की घोषणा आठ फरवरी को होंगे। ईसीआई राजीव कुमार ने बताया कि दिल्ली में कुल 1 करोड़ 55 लाख वोटर्स हैं। इसके अलावा, पुरुष मतदाता की संख्या 83.49 लाख, महिला मतदाता 71.74 लाख मतदाता है और युवा मतदाता की संख्या 25.89 लाख मतदाता हैं। उधर, पहली बार वोट देने जा रहे मतदाताओं की कुल संख्या 2.08 लाख है। इसके अलावा, दिल्ली में 13 हजार से ज्यादा मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। 100 साल से ऊपर के मतदाताओं की संख्या 830 है।

वहीं, चुनाव की तारीखों की ऐलान करने से पहले मुख्य चुनाव आयुक्त ने कई मुद्दों को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में लोग खुलकर अपनी भागीदारी बढ़ा रहे हैं। खासकर देश के युवा खुलकर लोकतंत्र के महापर्व में हिस्सा ले रहे हैं, जो कि हमें बीते लोकसभा चुनाव में देखने को मिला है। मुझे पूरी उम्मीद है कि आने वाले दिनों में सभी युवा चुनावी प्रक्रियाओं में हिस्सा लेकर देश के लोकतंत्र को मजबूत करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि हम यह सुनिश्चित करेंगे कि चुनाव निष्पक्ष हो। हम चुनाव में हर प्रकार की गतिविधियों की विशेष जांच करेंगे, जैसा कि बीते चुनाव में किया था।




उन्होंने आगे कहा कि वोटर लिस्ट में गलत एंट्री के आरोपों को सुनकर मुझे बहुत दुख हुआ। यहां तक कहा गया है कि यह ईवीएम इलेक्शन है। वोटर लिस्ट में नाम काटने की शिकायत की गई। यहां तक की धीमी मतगणना के आरोप भी लगाए गए। लिहाजा हम इन सभी सवालों के जवाब देंगे, क्योंकि यह हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। हम पारदर्शिता के सिद्धांत पर विश्वास रखते हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि ईवीएम को लेकर हैक करने के आरोपों में कोई दम नहीं है। कोर्ट ने खुद इस बात को स्वीकार किया है कि ईवीएम से किसी भी प्रकार की छेड़खानी नहीं हो सकती है। लेकिन, ईवीएम पर शक जताकर लोगों को गुमराह करने का प्रयास किया गया, जो कि एक लोकतांत्रिक देश में शोभनीय व्यवहार नहीं है। चुनाव के सात आठ दिन पहले ही ईवीएम सील हो जाती है। उसे तैयार कर लिया जाता है। ईवीएम में अवैध वोट की संभावना बिल्कुल भी नहीं है। ईवीएम से चुनावी प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी है, जिस पर किसी भी प्रकार का सवाल नहीं उठाया जा सकता है।

# 76 साल में घटकर महज इतनी रह जाएगी भारत-चीन की जनसंख्या, एलन मस्क ने बताया 'सबसे बड़ा खतरा'

**जालंधर ( पंकज शर्मा ) :** टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क ने हाल ही में वैश्विक जनसंख्या घटने पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने एक्स (ट्विटर) पर एक पोस्ट शेयर करते हुए इसे दुनिया की सबसे बड़ी समस्या बताया। मस्क ने टेस्ला ओनर्स सिलिकॉन वैली अकाउंट द्वारा शेयर किए गए एक ग्राफ को रीट्वीट किया, जिसमें 2018 से 2100 के बीच दुनिया के कुछ प्रमुख देशों की जनसंख्या में होने वाले बदलाव को दर्शाया गया है। यानी अगले 76 साल में भारत सहित दुनिया के सबसे ज्यादा आबादी वाले देशों की जनसंख्या तेजी से घटेगी। ग्राफ में चीन, भारत नाइजीरिया, अमेरिका, इंडोनेशिया और पाकिस्तान सहित कई देशों की जनसंख्या में परिवर्तन के आंकड़े शामिल थे। पोस्ट में लिखा गया था, जनसंख्या का पतन मानवता के लिए सबसे बड़ा खतरा है... एलन मस्क। मस्क ने इस बयान पर अपनी सहमति जताते हुए सिर्फ हां लिखा।

**वैश्विक जनसंख्या घटाव के पीछे कारण** - विशेषज्ञ लंबे समय से यह संकेत देते आ रहे हैं कि दुनिया जनसंख्या में कमी की ओर बढ़ रही है। हालांकि, इस ट्रेंड की स्पीड और किन देशों पर इसका सबसे अधिक असर पड़ेगा, इस पर अभी बहस जारी है।



जनसंख्या घटने के प्रमुख कारणों में प्रजनन दर में कमी, प्रवासन और वृद्ध होती आबादी शामिल हैं। कई देशों में प्रति महिला औसत बच्चों की संख्या 2.1 से कम हो गई है, जो स्थिर जनसंख्या बनाए रखने के लिए आवश्यक है।

2023 में, इंग्लैंड और वेल्स में प्रति महिला औसत बच्चों की संख्या गिरकर 1.44 हो गई, जो अब तक की सबसे कम दर है। वैश्विक स्तर पर भी, 1963 में प्रति महिला औसत बच्चों की संख्या 5.3 थी, जो आज आधे से भी कम रह गई है।

### भविष्य की संभावनाएं

2020 में प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत और चीन की जनसंख्या में 2018 के बाद से बड़े पैमाने पर गिरावट देखी जाएगी। जहां भारत की जनसंख्या साल 2100 तक घटकर 1.1 अरब के करीब हो जाएगी, वहीं चीन की जनसंख्या लगभग 73.19 करोड़ तक गिरने की संभावना है। इसका मतलब है कि चीन 73.1 करोड़ लोगों की कमी का सामना करेगा। नाइजीरिया की जनसंख्या 2100 तक 79.01 करोड़ तक पहुंचने की उम्मीद है, तब यह दुनिया का दूसरा सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश बन जाएगा।

### अमेरिका, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया में स्थिरता की उम्मीद

अमेरिका, जहां प्रजनन दर प्रतिस्थापन स्तर से नीचे है। वह साल 2100 तक चौथे सबसे बड़े देश के रूप में अपनी स्थिति बनाए रख सकता है। इसका कारण सकारात्मक शुद्ध प्रवासन है। इसी तरह, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया भी प्रवासन के जरिए अपनी जनसंख्या को स्थिर बनाए रख सकते हैं।

### एलन मस्क की चेतावनी

एलन मस्क लंबे समय से जनसंख्या घटाव के प्रति आगाह कर रहे हैं। उन्होंने पहले भी कहा था कि जनसंख्या का पतन आने वाला है। उनका मानना है कि यह मानवता के लिए सबसे बड़ा खतरा बन सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर इस समस्या पर ध्यान नहीं दिया गया, तो वैश्विक अर्थव्यवस्था, स्वास्थ्य सेवा और सामाजिक ढांचे पर गहरा प्रभाव पड़ सकता है।

आवश्यकता पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है। मोब. 97814-00247 97804-00247



S.T COLLEGE OF NURSING & MEDICAL SCIENCES
Recognized by INC, New Delhi, Affiliated by BFUHS, Faridkot & PNRC, Mohali Approved by Govt. of Punjab.
COURSES OFFERED ANM 2 Years Diploma GNM 3 Years Diploma B.Sc (Nursing) 4 Years Degree D-Pharmacy (Ay.) 2 Years & 3 Months Diploma 10+1 & 10+2 (P.S.E.B)
V.P.O. Mehlanwali, Una Road, Hoshiarpur Pb.
Contact : +91-62841-11519, +91-99145-82525
www.stnursinginstitute.in

# जालंधर के अवतार नगर में चोरों ने तोड़े गाड़ियों के शीशे, सामान लेकर हुए फरार देखें वीडियो

**जालंधर( जसप्रीत सिंह ) :** जालंधर में चोरों की वारदातें खत्म नहीं हो रही। अब एक नई घटना अवतार नगर से आई है। यहां पर चोरों ने गली में खड़ी गाड़ी के शीशे तोड़ डाले हैं।

इस दौरान गाड़ियों में पड़ा सामान लेकर चोर फरार भी हो चुके हैं। इस घटना के बाद इलाके में रहने वाले निवासी गुस्से में आ गए हैं। वहीं पीड़ित व्यक्ति ने कहा कि वह घटना की जानकारी पुलिस को देने गए तो पुलिस कर्मी ने नंबर नोट कर लिया।



### पुलिस ने नहीं लिखी शिकायत

पुलिस ने नंबर तो नोट कर लिया लेकिन पीड़ित व्यक्ति का कहना है कि पुलिसकर्मी ने उसको कहा कि वो अकेले की शिकायत क्या करेगा इसके चलते उसने शिकायत लिखी नहीं। पीड़ित का कहना है कि चौकी में कोई पुलिस कर्मी शिकायत नहीं नोट कर पा रहा है। ऐसे में पीड़ित बार-बार चौकी के चक्कर काटने के लिए मजबूर हो गए हैं।

### पीड़ित को हुआ 50 हजार का नुकसान

पीड़ित ने बताया कि उन्हें पड़ोसियों ने इस बारे में जानकार दी थी। उन्होंने बताया कि गाड़ी का शीशा तोड़ दिया गया है। गाड़ी से बैटरी, बूफर, स्टपनी जैसी चीजें भी गायब थी। पीड़ित ने घटना से जुड़ी जानकारी थाना भार्गव कैंप की पुलिस को दी। घटना थाना 4 के अंदर आती है। पीड़ित का कहना है कि जब थाना 4 में शिकायत करवाने के लिए वो गया तो पुलिस कर्मी ने उल्टा उसी को बातें सुना दी। उसने कहा कि तुमने गाड़ी बाहर क्यों खड़ी की थी। इस पर पीड़ित ने कहा कि उसके घर के बाहर गाड़ी खड़ा करने के लिए जगह नहीं है। इसके कारण पीड़ित व्यक्ति को 50 हजार का नुकसान भी हो गया है।

### दूसरी बार हुई ऐसी घटना

पीड़ित बलविंदर सिंह ने बताया कि 6 महीने के बाद दूसरी बार यह घटना हुई है। 5 गाड़ियों के शीशे तोड़कर चोर सामान लेकर फरार हो चुके हैं इसके चलते बाकी गाड़ियों को भी 15-15 हजार का नुकसान हो गया है।

# पंजाब में बदल सकता है स्कूलों का समय! यूनियन नेताओं ने की सरकार से अपील



**जालंधर( अंशु कपूर ) :** पंजाब के स्कूलों में बच्चों को इस समय सर्दी की छुट्टियां पड़ी हुई हैं। यह छुट्टियां आज खत्म हो जाएंगी। वहीं राज्य में इस समय कड़ाके की ठंड पड़ रही है। ऐसे में सभी की नजरें शिक्षा विभाग की फैसले पर टिकी हुई हैं कि क्या स्कूलों में समय भी बदला जाएगा। वहीं अध्यापकों के द्वारा भी स्कूलों का समय सुबह 10 बजे से लेकर 3 बजे तक करने के लिए कहा जा रहा है।

### स्कूल के समय में होगा बदलाव

लेक्चरर कैडर यूनियन पंजाब के राज्य वित्त सचिव और जिला लुधियाना के प्रधान धर्मजीत सिंह ढिल्लों ने राज्य में बढ़ रही शीतलहर और कोहरे के कारण स्कूल के समय में बदलाव की मांग की है। उन्होंने हरजोत सिंह बैंस को इसके बारे में अपील भी की है। उन्होंने कहा कि स्कूलों का समय बदलकर सुबह 10 बजे से 3 बजे तक का कर दिया जाए। उनका कहना है कि सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों के पास ठंड से बचने के पूरे इंतजाम नहीं हुई। यूनियन नेताओं की ओर से पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस से भी इस संबंध में कोई भी फैसला लेने के लिए कहा है।


# जालंधर में शादी के 10 दिन बाद गहने-नगदी लेकर फरार दुल्हन

**जालंधर( पवन कश्यप ) :** जालंधर से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। थाना बस्ती बावा खेल के अंतर्गत आने वाले राजनगर के साथ लगते इलाके में शादी के 10 दिन बाद दुल्हन चोरी करके भाग गई है। दुल्हन घर से सोने के गहने और नगदी लेकर फरार हो गई है। मिली जानकारी के मुताबिक, जब वारदात हुई तो दुल्हन घर में अकेली ही थी। पति को इस वारदात के बारे में घर आने पर पता चला।

### सीसीटीवी में कैद हुई घटना

परिवार ने जब घर के पास लगा सीसीटीवी कैमरा खंगाला तो ही उन्हें पता चला कि दुल्हन गाड़ी में दो युवकों के साथ बैठकर भागती हुई दिखी। उन्होंने मामले की जानकारी पुलिस को दी और पुलिस ने जांच के दौरान दुल्हन को दबोच कर पूछताछ शुरु कर दी है। इस बात की पुष्टि अभी किसी पुलिस अधिकारी ने नहीं की है। घटना कटरा मोहल्ले के रहने वाले एक युवक ने पुलिस को दी। उसने शिकायत में बताया कि उसकी शादी 20 दिसंबर को कपूरथला में रहने वाली युवती के साथ हुई थी।

CCTV में कैद हुई घटना



### नकदी और सोने के गहने लेकर फरार

दुल्हन के पति ने बताया कि दोपहर को करीब 3 शादी की फोटो की एलबम बनवाने के लिए फोटोग्राफर की दुकान पर गया था। जब वो 3 घंटे बाद वापिस आया तो उसने देखा कि पत्नी घर पर नहीं है। उसने कमरे में देखा तो सामान भी बिखरा हुआ था और अलमारी खुली हुई थी। अलमारी में पड़ी 20 हजार नकदी 2000 यूरो सहित एक सोने की चेन, एक सोने का सेट और 2 डायमंड अंगूठियां नहीं थी। फिर उसने जब परिवार के साथ अपनी पत्नी को ढूंढना शुरु किया तो उसे कुछ पता नहीं चला जिसके बाद उन्होंने घर में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगालने शुरु कर दिए। इस दौरान उन्हें पता चला कि दुल्हन बैग लेकर दो युवकों के साथ गाड़ी में बैठ रही है। इसके बाद उन्होंने सीसीटीवी फुटेज निकाल थाना बस्ती बावा खेल की पुलिस को दे दी और उनसे कार्रवाई की मांग की है।

# जस्टिन ट्रूडो के इस्तीफे के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने फिर दिया ये ऑफर

**जालंधर( पंकज शर्मा ) :** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बनाने के अपने ऑफर फिर से दोहराया। कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो के इस्तीफे के बाद उनकी यह प्रतिक्रिया आई।

बता दें कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने लिबरल पार्टी के नेता पद और प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। हालांकि, वह लिबरल पार्टी के नए नेता चुने जाने तक प्रधानमंत्री पद पर रहेंगे। लिबरल पार्टी इस वक्त मुश्किल दौर से गुजर रही है। सर्वे बता रहे हैं कि अक्टूबर के अंत तक होने वाले चुनाव में लिबरल कंजर्वेटिवों से बुरी तरह हार जाएंगे। ऐसे में यह निश्चित है कि ट्रूडो का जाना पार्टी के लिए बड़ी परेशानी खड़ी करेगा। उनके इस्तीफे से जल्द चुनाव की मांग उठने की संभावना है। कनाडा में राजनीतिक उथल-पुथल के बीच 78 वर्षीय ट्रंप ने ट्रूडो की घोषणा के कुछ ही घंटों बाद अपने प्रस्ताव को फिर दोहराया। ट्रुथ सोशल पर उन्होंने कहा, कनाडा में बहुत से लोग 51वें राज्य



का हिस्सा बनना पसंद करेंगे। संयुक्त राज्य अमेरिका अब उस बड़े व्यापार घाटे और सब्सिडी को सहन नहीं कर सकता है जिनकी कनाडा को बने रहने के लिए जरूरत है। जस्टिन ट्रूडो को यह पता था और उन्होंने इस्तीफा दे दिया। ट्रंप ने आगे कहा, अगर कनाडा अमेरिका के साथ मिलता है तो कोई टैरिफ नहीं होगा, टैक्स बहुत कम हो जाएंगे, वह रूसी और चीनी जहाजों के खतरे से भी पूरी तरह सुरक्षित रहेगा जो लगातार उन्हें घेर रहे हैं। साथ मिलकर यह कितना महान राष्ट्र होगा।' ट्रंप अपनी चुनावी जीत के बाद से ट्रूडो पर आक्रामक रहे हैं। वह पहले भी उन्हें कनाडा के महान राज्य का गवर्नर कहकर मजाक उड़ा चुके हैं। कनाडा सरकार ने ट्रंप की टिप्पणियों पर अभी तक कोई औपचारिक प्रतिक्रिया जारी नहीं की है। हालांकि, अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति के बयानों ने तनावपूर्ण यूएस-कनाडा संबंधों के बारे में फिर चर्चाओं को जन्म दिया है।

ट्रंप ने ट्रूडो के प्रशासन पर संयुक्त राज्य अमेरिका में अवैध प्रवास और अवैध मादक पदार्थों की तस्करी को रोकने में विफल रहने का भी आरोप लगाया। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर यह समस्या बनी रही तो वे कनाडा के आयात पर 25 प्रतिशत शुल्क लगा देंगे।




# चंडीगढ़ में प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए पुलिस का लाठीचार्ज, बंदी सिखों की रिहाई की मांग कर रहे थे

**जालंधर( अंशु कपूर ) :** चंडीगढ़ में आज कौमी इंसाफ मोर्चे को लेकर एक कार्यक्रम रखा था। इसमें हिस्सा लेने के लिए काफी संगत पहुंची थी। इस दौरान बंदी सिखों की रिहाई की मांग को लेकर माहौल तनावपूर्ण हो गया। कौमी इंसाफ मोर्चा की संगत ने चंडीगढ़ कूच करने का फैसला किया। जिस पर पुलिस ने उन्हें रोक लिया। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए लाठीचार्ज किया। जिसके बाद माहौल काफी ज्यादा तनावपूर्ण हो गया।

### पुलिस ने आंसू गैस के गोले भी फेंके

पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को पीछे धकेलने के लिए आंसू गैस के गोलों का भी इस्तेमाल किया। पुलिस ने इसके बाद प्रदर्शनकारियों को 4 बसों में भरकर अपने साथ थाने ले गई। जिसके बाद प्रदर्शानकारियों ने वापिस लौटने का ऐलान कर दिया। प्रदर्शनकारी दोबारा कूच न करें, इसलिए पुलिस ने चंडीगढ़-मोहाली बॉर्डर पर 5 लेयर बैरिकेडिंग की है। साथ ही पत्थरों से भरे टिप्पर भी खड़े किए गए हैं।



### महापंचायत में उठाया जाएगा बंदी सिखों का मुद्दा

मोर्चे के नेता बाबा शेर सिंह ने कहा कि 25 जनवरी को मोहाली में महापंचायत होगी, जिसमें बंदी सिखों की रिहाई का मुद्दा उठाया जाएगा। महापंचायत में देशभर से बड़े नेता पहुंचेंगे।

इससे पहले पुलिस ने अमृतपाल के पिता तरसेम सिंह, सांसद सरबजीत सिंह खालसा, संगरूर से पूर्व सांसद सिमरनजीत सिंह मान को उनके घरों में नजरबंद किया गया था।

# संगरुर में गाड़ी में सवार दो युवकों की मौत, बेटे का जन्मदिन मना रहा था परिवार

**जालंधर( पंकज शर्मा ) :** पंजाब के संगरुर जिले में से एक बहुत दर्दनाक खबर सामने आई है। संगरुर के गांव रोगला में ड्रेन पर बन रहे पुल के पास बीती शाम एक कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई।



कार टकराने के कारण गाड़ी में बैठे गांव रोगला के 2 युवकों की दर्दनाक मौत हो गई है। मृतक युवकों का नाम लाडी सिंह और जतिंदर सिंह बताया जा रहा है।

### बेटे का मना रहे थे जन्मदिन

मृतक लाडी सिंह के पिता ने बताया कि वो विदेश में गए हैं। वहीं वो अपने बेटे का जन्मदिन मना रहे थे। घर में भी खुशी का माहौल था लेकिन इसी बीच लाडी सिंह और जतिंदर सिंह कुछ सामान खरीदने के लिए दिड़बा शहर में गए। जब दोनों दिड़बा से लौट रहे थे तो गांव रोगला के पास बन रहे ड्रेन पुल के पास उनकी कार का संतुलन बिगड़ गया।

### दोनों की हुई मौत

गाड़ी का संतुलन बिगड़ने के कारण वह खेतों में जा गिरी और एक पेड़ से टकरा गई। इस घटना के बाद गाड़ी में सवार दोनों युवकों की मौत हो गई।

# एचएमपीवी वायरसः पंजाब में अस्पताल तैयार, स्वास्थ्य विभाग ने टेस्टिंग की शुरू; मंत्री बोले- घबराएं नहीं

**जालंधर( हर्ष शर्मा ) :** चीन में फैल रहे ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) की भारत में दस्तक के बाद केंद्र सरकार ने पंजाब सरकार को सतर्क रहने के लिए बोला है।

केंद्र सरकार के निर्देश के बाद राज्य के स्वास्थ्य विभाग ने बैठक करके सभी अस्पतालों को एडवाइजरी जारी कर दी है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने कहा कि राज्य में टेस्टिंग शुरू कर दी है, ताकि समय रहते मरीजों का पता लगाया जा सके। सभी अस्पतालों में विशेष वार्ड व बेड तैयार हैं। फिलहाल पंजाब में कोई मरीज नहीं आया है। मंत्री ने कहा कि इस वायरस से घबराने की जरूरत नहीं है, लेकिन छोटे बच्चों व बुजुर्ग मरीजों को ऐहतियात बरतने की जरूरत है, क्योंकि उनकी इम्युनिटी कम होती है। यह 20 साल पुराना वायरस है और बहुत ही माइल्ड है। इससे कोई खतरा नहीं है। इसमें खांसी व जुकाम होता है और दूसरे फ्लू की तरह ही लोग एक दूसरे के संपर्क में आकर चपेट में आ जाते हैं। अगर किसी को खांसी व जुकाम है तो यह बेहतर है कि वह मास्क पहने और भीड़भाड़ वाली जगहों पर न जाएं। लोगों को नियमित रूप से अपने हाथ धोने चाहिए और मुंह व नाक पर हाथ नहीं लगाने चाहिए। राज्य सरकार की अमृतसर में लैब तैयार है, जहां वायरस की टेस्टिंग शुरू कर दी गई है।



# मोहाली में 12 साल के बच्चे के ऊपर ग्रिल गिरने से हुई मौत, घटना की सीसीटीवी वीडियो आई सामने

**जालंधर( पवन कश्यप ) :** मोहाली के सेक्टर 80 के मौली गांव में इमारत से लोहे की ग्रिल गिरने से गली में जा रहे एक 12 साल के बच्चे की मौत हो गई है।

बच्चे की पहचान आशीष के रूप में हुई है। इस दौरान उसके 2 दोस्त भी थे, जो इस हादसे में बाल-बाल बच गए। घटना की सीसीटीवी फुटेज भी सामने आई है।

### घटना सीसीटीवी में कैद

सीसीटीवी फुटेज में आशीष अपने 2 दोस्तों के साथ गली में जाता हुआ दिख रहा है। उनके अलावा गली में एक महिला भी गुजर रही थी। पहले एक ईंट आकर गिरी। इसके बाद लोहे की ग्रिल सीधा बच्चे के सिर पर गिरी। सिर पर लगते ही वह जमीन पर गिर गया। सोहाना थाना पुलिस ने इस मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।



### ठेकेदार और लेबर तमाशा देख रहे थे

मृतक के पिता पंकज ने बताया कि बेटे के दोस्त दौड़ते हुए उनके पास आए और बताया कि आशीष के सिर पर लोहे की ग्रिल गिर गई है।

वह मौके पर पहुंचे तो वहां बिल्डिंग का ठेकेदार और लेबर तमाशा देख रहे थे। पास के गुरुद्वारा साहिब से एक सिख व्यक्ति अपनी गाड़ी लेकर आया और उसके बेटे को अस्पताल लेकर गया। वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

### पुलिस ने दर्ज किया मामला

पुलिस ने बताया कि पीजी में काम चल रहा था और इस दौरान गली में गुजर रहे एक बच्चे के ऊपर ग्रिल गिर गई।

जिसमें उसकी मौत हो गई। बच्चों के परिजनों के बयान दर्ज कर लिए हैं और मामले की जांच कर रही है। फिलहाल अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है।